कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पत्रांकः– 1308 /11–सी–FP/UP/IND/23246/2016, लखनऊः दिनांकः जनवरी 03 ,2019

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक,
मिर्जापुर क्षेत्र,
मिर्जापुर।

विषयः– जनपद–सोनभद्र के ओबरा वन प्रभाग में मै0 जय प्रकाश एसोसिएट्स द्वारा ग्राम–कोटा में जे0पी0 सुपर सीमेन्ट प्लान्ट व आवासीय क्षेत्र स्थापना हेतु 115.874 हे0 आरक्षित वन भूमि हस्तान्तरण के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– उ0प्र0 शासन का पत्रांक–3402(1)/14–2–2018, दिनांक 14.12.2018 एवं इस कार्यालय का पृष्ठांकन सं0–1188/11–सी–FP/UP/IND/23246/2016, दिनांक 14.12.2018 तथा इस कार्यालय का पत्रांक–1263/11–सी–FP/UP/IND/23246/2016, दिनांक 26.12.2018

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने का कष्ट करें। उ0प्र0 शासन के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयगत प्रकरण में इंगित बिन्दुओं पर सुस्पष्ट टिप्पणी उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी थी, जिसके क्रम में इस कार्यालय के उपरोक्त संदर्भित पत्रों के द्वारा विषयगत प्रकरण में उ0प्र0 शासन द्वारा वांछित बिन्दुओं पर सुस्पष्ट टिप्पणी/आख्या संस्तुति सहित उपलब्ध कराने हेतु पत्र लिखा गया था। इसके क्रम में आपके पत्रांक–2496/मी0क्षे0/33, दिनांक 29.12.2018 द्वारा अपेक्षित सूचना इस कार्यालय को प्रेषित की गयी है, किन्तु आपने मात्र प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा प्रेषित की गयी सूचना को संलग्न कर इस कार्यालय को अग्रसारित कर दिया गया है। उ0प्र0 शासन द्वारा वांछित बिन्दुओं पर आपने अपनी सुस्पष्ट टिप्पणी संस्तुति सहित प्रेषित नहीं की है। उ0प्र0 शासन द्वारा आपका अभिमत वांछित है, न कि प्रयोक्ता एजेंसी का।

आप अवगत है कि प्रकरण अत्यन्त महत्वपूर्ण है एवं न्यायालय के आदेश से आच्छादित है। अतः उपरोक्त विषयगत प्रकरण को गम्भीरतापूर्वक लेते हुये उ0प्र0 शासन द्वारा वांछित बिन्दुओं पर अपनी सुस्पष्ट विस्तृत टिप्पणी संस्तुति सहित दो दिनों के अंदर इस कार्यालय को तीन प्रतियों में अनिवार्य रूप से प्रेषित करने का कष्ट करें। इसमें विलम्ब न किया जाये।

भवदीय,

(पंकज मिश्र)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

पत्रांकः– /11–सी–FP/UP/IND/23246/2016, दिनांकित।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रभागीय वनाधिकारी, ओबरा वन प्रभाग, ओबरा।
2. श्री रामराज बाली, अधिकृत प्रतिनिधि, जे0पी0 एसोसिएट्स लि0, सेक्टर–128, नोएडा, उ0प्र0।

(पंकज मिश्र)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

Acy-2537